हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 12 अगस्त 2025

06 पारासरी नदी के पचमा बायपास पुल पर हुआ ...



07 पार्षद:उठाओ गंगाजल कहो रिश्वत नहीं लेते ...





## खबर संक्षेप

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की अनंतिम सूची जारी

**गढ़ाकोटा।** महिला एवं बाल विकास परियोजना गढ़ाकोटा जिला सागर के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का 01 एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के 22 रिक्त पदों पर एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये थे। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रहली की अध्यक्षता में आयोजित खण्ड स्तरीय समिति की बैठक में एम.पी. ऑनलाईन से प्राप्त आवेदनों के परीक्षण और अवलोकन के उपरांत पात्र आवेदिकाओं की अनंतिम सूची आज पोर्टल पर जारी की गई है। जिन आवेदिकाओं को अनंतिम चयन सूची पर आपत्ति है वे अगामी 07 दिवस के अंदर एम.पी. ऑनलाईन के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आपत्ति दर्ज करा सकती हैं।

### जिले में अब तक 843.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 843.9 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक देवरी केन्द्र पर सर्वाधिक 1091.9 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 686.5 मि.मी., जैसीनगर में 760.7 मि.मी., राहतगढ़ में 1077.3 मि.मी., बीना में 826.4 मि.मी., खुरई में 874.7 मि.मी, मालथौन में 801.3 मि.मी., बण्डा में 724 मि.मी, शाहगढ में 742.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 775.8 मि.मी, रहली में 745.5 मि.मी, देवरी में 1091.9 मि.मी. तथा केसली में 1019.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### खुरई के ग्राम बरधा में निकाली तिरंगा रैली

**सागर।** कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान से न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाना बल्कि स्वच्छता के प्रतिजागरूकता भी फैलाना है। इस दिशा में तिरंगा से प्रेरित तिरंगा रैली, कला प्रतियोगिता, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली और तिरंगा राखी निर्माण जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। अभियान के अंतर्गत आज खुरई विकासखंड के ग्राम बरधा में महिला समूह की सदस्यों ने तिरंगा रैली निकाल कर लोगों राष्ट्र एवं तिरंगा के सम्मान के प्रति एवं स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। महिला समूह और स्कूली बच्चों ने मिलकर तिरंगा जागरूकता रैली का आयोजन किया इसमें वर्धा ग्राम संगठन के सदस्यों ने ग्राम पंचायत के कार्यालय से रैली को प्रारंभ किया और ग्राम में भ्रमण किया।

### क्षेत्रीय एवं केंद्रीय श्रेणी रैली का आयोजन

**सागर।** प्रदेश में क्षेत्रीय एवं केंद्रीय श्रेणी रैली का आयोजन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विदिशा में 31 अगस्त से 1 सितंबर तक किया जाएगा। रैली योजना मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों के राज्यों के उम्मीदवारों के किए आयोजित की जा रही है। क्षेत्रीय श्रेणी रैली सिपाही फार्मा, सिपाही नर्सिंग सहायक के लिए रैली का आयोजन 31 अगस्त को तथा केंद्रीय श्रेणी रैली आरटी जूनियर कमीशन ऑफिसर, जूनियर कमीशन ऑफिसर कैटरिंग, हवलदार एसएसी और हवलदार एईसी के लिए रैली का आयोजन 1 सितंबर 2025 को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विदिशा (मध्य प्रदेश), अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल अस्पताल के सामने किया जाएगा। उम्मीदवारों के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं, उम्मीदवार पंजीकृत ईमेल आईडी से या जेआईए पर पंजीकृत प्रोफ़ाइल में लॉग इन करके डाउनलोड कर सकते हैं। किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार एआरओ कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### कमिश्नर ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा, संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

# जल जीवन मिशन के कार्यों में उदासीनता बरतने वाली निर्माण ऐजेंसियों के विरुद्ध करें सख्त कार्यवाही : कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश जी निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन शासन का अति महत्वांकांक्षी मिशन है इसके सभी निर्माण कार्य अति गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि जो निर्माण ऐजेंसियां जल जीवन मिशन के कार्यों में उदासीनता बरत रही हैं ऐंसी सभी निर्माण ऐजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत सागर संभाग में बनने वाली नल जल योजनाओं की धीमी गति पर सख्त नाराजगी व्यक्त की है और अधिकारियों को ताकिद किया है कि जल जीवन मिशन के सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कराएं अन्यथा सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज जल जीवन मिशन की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन से जुड़े अधिकारी जल जीवन मिशन के निर्माण कार्यों की प्रगति को अति गंभीरता से लें। बैठक में मालथौन, बंडा, खुरई, केसली, सनोहा, बिजावर, निवाड़ी, पृथ्वीपुर, गर्राली, मंझगंवा, सिधोरा, पवई, व्यारमा एवं अन्य नल जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि सागर संभाग की सभी नल जल योजनाओं का निर्माण समय सीमा में पूर्ण कराएं।

बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग के कुछ विकासखंडों में संचालित अटल भूजल संवर्धन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए इस योजना के क्रियान्वयन से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि अटल भूजल संवर्धन योजना के अंतर्गत सागर संभाग में कहां-कहां कार्य कराए गए हैं इसकी सूचियां मुहैया कराएं। कमिश्नर ने कहा कि अटल भूजल संवर्धन योजना के कार्यों में समुचित पारदर्शिता रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सागर संभाग में वाटर लेवल इंडीकेटर कहां-कहां लगाए गए हैं इसकी जानकारी भी मुहैया कराई जाए। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए कि वाटर क्वालिटी टेस्ट किट्स लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के मैदारी कर्मचारियों को भी मुहैया कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि मनरेगा सहित अन्य योजनाओं में कृषि विभाग और उद्यानिकीय विभाग द्वारा जिन किसानों को कृषि उपकरण मुहैया कराए गए हैं उनकी सूची मंगाकर किसानों का भौतिक सत्यापन कराएं। बैठक में कमिश्नर ने जल संसाधन सहित अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में जल संसाधन विभाग, जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



### सिंचाई जल परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण कराएं

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने आज जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे सागर संभाग में बनाई जा रही सिंचाई जल परियोजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने केन-बेतबा लिंक परियोजना के विभिन्न चरणों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निदेश दिए है कि बांध के डूब क्षेत्र के लोगों को मुआवजा राशि का वितरण सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग की सभी प्रस्तावित और निर्माणाधीन सिंचाई जल परियोजनाओं के कार्यों में तेजी से कार्य होना चाहिए। बैठक में कमिश्नर ने बंडा बृहद सिंचाई परियोजना, हनौता बृहद सिंचाई परियोजना के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग के दूर-दराज के क्षेत्रों में बिजली की समुचित आपूर्ति की जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि संभाग के दूर दराज के क्षेत्रों में बिगड़े हुए ट्रांसफार्मरों की मरम्मत की जाए। बैठक में ऊर्जा विभाग के अधीक्षण यंत्री ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिगड़े हुए ट्रांसफार्मरों को सुधारने का कार्य किया जा रहा है। बर्षा काल में बिजली की आपूर्ति की सतत मॉनीटरिंग की जा रही है।



### सीबीएसई राइफल शूटिंग में ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल की टीम का नेशनल में प्रवेश

**सागर।** सीबीएसई द्वारा भीलवाड़ा राजस्थान के संगम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस में 4 अगस्त से 7 अगस्त तक आयोजित वेस्ट ज़ोन राइफल शूटिंग कॉम्पिटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात एवं दादर-नगरहवेली के लगभग 1100 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल की अंडर -17 की टीम की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर नेशनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। स्कूल की छात्रा नव्यतिथि जैन अनन्या रोहिताश एवं संस्कृति सोनी को टीम इवेंट में खेलते हुए रजत पदक हेतु सफलता प्राप्त हुई। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा अवनि केशरी एवं छात्र हर्षराज सिंह चौधरी ने भी प्रतिभागिता की। रजत पदक प्राप्त तीनों प्रतिभागी छात्राएं आगामी 11 सितंबर 2025 से 15 सितंबर 2025 तक जेपी पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाले नेशनल कंपटीशन में भाग लेंगी।



### गोगा जयंती के निशान जुलूस का किया स्वागत

**सागर।** जाहरवीर गोगा जी जयंती के उपलक्ष्य में चकराघाट से आकर्षक निशान,चल समारोह के रूप में निकाले गये जो तीनबत्ती होकर राधा तिराहे तक पूर्ण भक्ति भाव से अग्रसित हुये।,जिसमें वाल्मीकि समाज के लोग उत्साह से गुरु गोरखनाथ, गोगाजी महाराज के जयकारे लगा रहे थे। तीनबत्ती पर सेवादल परिवार द्वारा चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया।गोगा जी महाराज के निशान की सेवादल परिवार द्वारा पूजा अर्चना की गयी।प्रसादी वितरण किया गया।भगत जनों का साल श्रीफल से सम्मान किया गया।चल समारोह में सम्मिलित समाज जनों का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। स्वागत कर्ताओं में जिला सेवादल अध्यक्षद्वय सिंटू कटारे, महेश जाटव, आनंद सेवा, लल्ला यादव, प्रकाश जैन, अरविंद ठाकुर, अन्नू घोसी, अंकुर यादव, तरूण सैनी, परख शुक्ला, वीरेन्द्र महावते, नरेश सनकत, नरेश सनकत, संतोष सनकत, सुरेन्द्र कछयाना, शैलेष अकेला, अरविंद वाल्मीकि आदि सेवादल परिवार से उपस्थित रहे।



### महिलाओं ने बांधी भगवान झूलेलाल को राखी और समाज को नशे से दूर रहने का संकल्प लिया

**सागर।** रक्षाबंधन के अवसर पर श्री झूलेलाल हाल सिंधी कॉलोनी में महिलाओं ने भगवान झूलेलाल जी की मूर्ति को राखी बांधकर महिला अध्यक्ष दिया राजपूत, भारती मोहनानी, मोनिका मेठवानी, लीला आहूजा, रैना गोकलानी, दिलीप वाधवानी, अजय पंजवानी, उपाध्यक्ष प्रेमचंद प्रथ्यानी, दौलत नागवानी, वर्षा हासानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। राखी बांधकर समाज को नशे से दूर रहने का संकल्प लिया । इस दौरान लालाराम मेठवानी, सुरेश मोहनानी, राजेश मनवानी भी मौजूद रहें। रक्षा बंधन भाई-बहन के पवित्र और अटूट रिश्ते का प्रतीक है। इस दिन बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं, उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। बदले में भाई भी अपनी बहन को सुरक्षा का वचन देते हैं। शनिवार को देश के कई नगरों में लोगों ने इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इसी बीच सागर में अनोखे रक्षाबंधन का मामला सामने आया है। इस अवसर पर वीनू आहूजा, रुपेश मनवानी, विजय निरंकारी, दीपा मोटवानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही ।

## राहतगढ़-खुरई-खिमलासा-मालथौन मार्ग की मरम्मत कराने विधायक भूपेंद्र सिंह ने सीएम से किया अनुरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह ने जर्जर हो चुके राहतगढ़-खुरई-खिमलासा मार्ग और बीना-मालथौन मार्ग की मरम्मत/ नवीनी करण कराये जाने का अनुरोध मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रेषित पत्र में पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि उनके विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा संधारित मार्ग राहतगढ़-खुरई-खिमलासा की स्थिति वर्तमान में बारिश के कारण अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इस मार्ग से मेरे विधानसभा क्षेत्र के लगभग 70 से 80 ग्रामों के नागरिकों का आवागमन होने के साथ ही मालथौन फोरलाइन कनेक्टिविटी होने से अनेक क्षेत्र के नागरिकों का आवागमन इस मार्ग से होता है। खुरई वायपास से राहतगढ़ तक के 32 किलोमीटर मार्ग में जगह-जगह बड़े गड्ढे होने से वाहनों के आवागमन में काफी परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को आवागमन में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन छोटे वाहनों की दुर्घटनाएं हो रही हैं। राहतगढ़ से खुरई होकर खिमलासा तक मार्ग की जर्जर स्थिति को देखते हुए मार्ग का नवीनीकरण व मरम्मत शीघ्र कराया जाना आवश्यक है

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रेषित एक अन्य पत्र में बताया है कि मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा संधारित मार्ग बीना-मालथौन की स्थिति वर्तमान में अत्याधिक खराब हो चुकी है। वर्तमान में एमपीआरडीसी द्वारा इस मार्ग पर गढ़ौली जवाहर और खिमलासा के पास बसाहरी में स्वयं के दो टोल नाका भी चलाये जा रहे हैं। खिमलासा के पास रोड में कई जगह कटाव हुये भी कई दिन बीत चुके हैं। लेकिन यहां न तो मरम्मत की गई है और न ही संकेत लगाये गए हैं। इस मार्ग पर 24 घण्टे बीना एवं मेरे क्षेत्र के नागरिकों व वाहनों की आवाजाही रहती है। मार्ग पूर्ण रूप से अति क्षतिग्रस्त हो चुका है व आवागमन योग्य नहीं है। जिससे इस मार्ग की मरम्मत व नवीनीकरण कार्य शीघ्र कराया जाना आवश्यक है। इस संबंध में मेरे द्वारा पूर्व में म.प्र. सड़क विकास प्राधिकरण को 30 अप्रैल 2025 को पत्र क्रमांक 974 भेजकर मरम्मत कराने हेतु लेख किया गया था। किन्तु मार्ग का नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य न होने से वर्तमान में ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से अनुरोध किया है कि राहतगढ़-खुरई-खिमलासा मार्ग एवं बीना-मालथौन मार्ग की मरम्मत/नवीनीकरण कराये जाने हेतु आवष्यक दिशा-निर्देश देने का कष्ट करें।



### जन्माष्टमी के मौके पर सतनाम वेलफेयर सोसाइटी की ओर से गुरुद्वारा साहिब दी जाएगी मीठे की सेवा

**सागर।** हाल ही में गुरुसिंह सभा के चुनाव संपन्न हुए हैं जिनके परिणाम भी घोषित हो चुके हैं। जिसके बाद सभी नवनियुक्त सेवादारों को सतनाम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष जन सेवक मनी सिंह गुरोन ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। वहीं इसके अलावा आगामी 16 तारीख को सिख धर्म का पवित्र दिन कहा जाने वाला संग्रात और श्री कृष्णाजन्माष्टमी के सुखद संयोग पर सतनाम वेलफेयर सोसाइटी की कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर त्रिपत कौर द्वारा शहर के भगवानगंज स्थित गुरुद्वारा साहिब में सभी नवनियुक्त सेवादारों एवं संगत जी को परोसे जाने वाले लंगर में मीठे की सेवा(खीर)परोसी जाएगी, साथ ही संगत का आभार भी जताया जाएगा।

### सरकार का उद्देश्य किसानों के हितों की रक्षा करना है, तहसीलदारों की मांगों को शासन तक पहुंचाया जाएगा : गोविंद सिंह राजपूत

**सागर।** मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री परिषद आदेश के तहत राजस्व अधिकारियों के कार्यों को न्यायिक और गैर-न्यायिक श्रेणियों में विभाजित करने के निर्णय को वापस लेने की मांग को लेकर मध्य प्रदेश राजस्व अधिकारी कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के तहसीलदारों ने सोमवार को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को उनके सागर कार्यालय में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान तहसीलदारों ने इस आदेश को वापस लेने की मांग की। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने तहसीलदारों की मांगों को गंभीरता से सुना। साथ ही तहसीलदारों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाया जाएगा और इस मुद्दे पर उचित कार्रवाई के लिए विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रशासनिक दक्षता बढ़ाना और किसानों के हितों की रक्षा करना है, और इस दिशा में सभी पक्षों के साथ चर्चा कर समाधान निकाला जाएगा।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना दावों की पहली किस्त वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**सागर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी 2023-24, खरीफ 2024 तथा रबी 2024-25 के दावों की पहली किस्त के वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, जिला सागर में किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला कृषि से संतोष पटेल, धीरज सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत जैसीनगर के कृषि स्थायी समिति अध्यक्ष सौरभ शुक्ला, परियोजना संचालक आत्मा मुकेश प्रजापति, उप संचालक कृषि सागर राजेश त्रिपाठी, प्रमुख वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र सागर डॉ. जे. एन. यादव, प्रमुख वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र देवरी डॉ. आशीष त्रिपाठी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी अनिल राय, सहायक संचालक कृषि कुमुद कोरी, जिला प्रतिनिधि सौरभ जैन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजेन्द्र कुशवाहा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी संतोष जैन, शैलेष पांडे, लोकेन्द्र जाटव एवं कृषि अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



### देश प्रेम और राष्ट्र भक्ति का प्रतीक है तिरंगा : अविराज

**बांदरी।** बांदरी में तिरंगा यात्रा के सम्मान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुये भाजपा के युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश प्रेम और राष्ट्र भक्ति की भावना बढ़ती है। आज तिरंगा यात्रा के माध्यम से हमने पूरे विश्व को एकता का संदेश दिया है। बांदरी में विधायक कार्यालय से शुरू हुई तिरंगा यात्रा बस्ती में भ्रमण करते हुए नगर परिषद कार्यालय के सामने संपन्न हुई। जहां सभा को संबोधित करते हुये युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा से युवाओं में राष्ट्र भक्ति की भावना जगती है। हम भारतीयों को यह अनुभूति होती है कि हम सभी भारत माता के सपूत हैं और सबको मिलकर राष्ट्र को आगे बढ़ाना है, जो आजादी हमें विरासत में मिली है, उसे संभाल कर रखना है। उन्होंने कहा कि भारत केवल एक देश का नाम नहीं बल्कि एक विचार है, जीवन संस्कृति है और सभ्यता का प्रतीक है। अविराज सिंह ने कहा कि आज हमने पूरी शान से तिरंगा लहराया है। लेकिन ध्यान रखें कि सैकड़ों वर्षों की गुलामी से मुक्ति दिलाने स्वतंत्रता सैनानियों ने संघर्ष किया, अपने प्राणों की आहुति दी तब हमें यह मौका मिला कि आज हम तिरंगा लहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में विभिन्न संस्कृति और सभ्यताएं हैं। यह विविधताओं को देश है। लेकिन सभी के हृदय में तिरंगा का सम्मान है, तिरंगा स्वतंत्रता, गौरव, राष्ट्र के प्रति समर्पण और निष्ठा का प्रतीक है। यह सैनानियों के सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है।

### वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर भाजपा ने साफ़ सफाई कर माल्यार्पण किया

# विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार और पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने तिरंगा ध्वज लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वतंत्रता दिवस से पहले हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को सागर के मोतीनगर चौराहा पर स्थित वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा व आसपास के स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाकर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, प्रदेश कार्यसमिती सदस्य शैलेश केशरवानी,मण्डल अध्यक्ष नीलम अहिरवार सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर प्रतिमा परिसर में फैले कचरे को एकत्रित किया और परिसर को स्वच्छ जल से धोकर साफ-सुथरा बनाया।



स्वच्छता उपरांत विधायक जैन और जिला अध्यक्ष तिवारी नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने समाधि स्थल पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई को नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने प्रतिमा के आस-पास तिरंगा ध्वज लगाए।कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, जिला कोषाध्यक्ष निकेश गुप्ता, नितिन सोनी, चेतराम अहिरवार, विक्रम सोनी, मनीष चौबे अंशुल हर्शे, अनुज साहू,निखिल अहिरवार, पंकज भट्ट कपिल नाहर सतीश जैन सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### दुबे को डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त



**गंजबासौदा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में पदस्थ सहायक प्राध्यापक भास्कर दुबे को जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा राजनीति विज्ञान विषय में उनके शोध कार्य के लिए डॉक्टरेट ऑफ फिलासफी की उपाधि प्रदान की गई है। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉक्टर जयश्री त्रिवेदी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। इस उपलब्धि पर डॉ. भास्कर दुबे को महाविद्यालय प्रबंधन समिति एवं महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों सहित उनके सभी मित्रों, परिजनों एवं शुभचिंतकों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं।

### युवक ने लगाई फांसी

**गंज बासौदा।** दोपहर के समय जवाहर रोड वार्ड नंबर 22 निवासी 28 वर्षीय राजू पंथी ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसकी सूचना परिजनों ने देहात थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को फांसी के फंदे से उतारकर पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा एवं मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

### रेलवे स्टेशन पर रहती है गंदगी

**गंजबासौदा।** स्थानीय रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन तो बन गया है, लेकिन यहां सफाई व्यवस्था बेहद बदहाल है। सभी प्लेटफार्म पर जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं और नलों के आसपास भी सफाई न होने से गंदगी भरी पडी रहती है। इसके अलावा लावारिस मवेशी भी प्लेटफार्म पर विचरण करते और वहीं गंदगी करते रहते हैं। जिससे यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड रहा है। यात्रियों ने प्रशासन से सफाई पर ध्यान देने की मांग की है।

### एक दूसरे को भुजरियां देकर की मेहरबानी बनाए रखने की अपील

# पारासरी नदी के पचमा बायपास पुल पर हुआ भुजरियों का विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







रविवार को इलाके भर में क्षमा याचना एवं भाईचारे का पर्व भुजरिया प्रेम भाव के साथ मनाया गया। इस दौरान जहां श्रद्धालुओं ने घरों में बोई भुजरियों का विसर्जन , बेतवा नदी के घाटों, जलाशयों, छोटी नदियों आदि में किया, तो वहीं दूसरे वर्ष भी पारासरी नदी के पचमा बायपास मार्ग स्थित पुल पर नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सविता यादव, मनोज यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिकों, रहवासियों ने बड़ी संख्या में घाट पर पहुंचकर भुजरिया विसर्जन किया। यह सब हाल ही में नदी की सफाई, गहरीकरण के कारण संभव हो सका है।

यहां उल्लेखनीय है कि रक्षा बंधन के दूसरे दिन रविवार को भुजरिया पर्व श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने घरों में बोई गई भुजरियों की पूजन अर्चन की और फिर सामूहिक परिक्रमा कर उन्हें तोडकर उनकी जडों का विसर्जन किया गया। जिसके बाद सबसे पहले भगवान को भुजरियां अर्पित कर उनसे अपनी गलतियों की क्षमायाचना कर मेहरबानी बनाए रखने की कामना की गई। इसके बाद सभी ने अपने बडे बुजुर्गों, मित्रों, छोटों से भुजरिया का आदान प्रदान कर एक दूसरे से गलतियों की क्षमायाचना की। बच्चों ने भी अपने से बड़ों से भुजरिया का आदान प्रदान कर उनसे उपहार एवं चॉकलेट आदि प्राप्त किए। इस पर्व पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं ने भुजरियों का चल समारोह निकालकर उनकी सामूहिक पूजन अर्चन की। वहीं नगर में भी रेलवे स्टेशन क्षेत्र, बरेठ रोड और त्योंदा रोड, सिटी क्षेत्र सहित अन्य इलाकों से भुजरियों का चल समारोह निकाला गया और उसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने शीतला माता मंदिर पर सामूहिक पूजन अर्चन की। इसके बाद पारासरी नदी के शीतला माता मंदिर घाट सहित बेतवा नदी के विभिन्न घाटों पर भुजरियों का विसर्जन किया गया।

उधर नपा द्वारा पारासरी नदी के गहरीकरण, सौंदर्यकरण एवं सफाई के साथ ही पचमा बायपास पुल के पास पक्का घाट बना दिए जाने से अब नदी अपने पुराने स्वरूप में लौटती नजर आ रही है। यही कारण है कि बरसों बाद इस बार नदी के पचमा बायपास मार्ग पर पुल के पास बने पक्के घाट पर भी नदी इतनी स्वच्छ बह रही है कि श्रद्धालुओं ने वहां भी भुजरियों का विसर्जन किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने भी स्वयं अपने परिवार के साथ इस घाट पर पहुंचकर भुजरियों का विसर्जन किया। बाद में अनेक लोगों ने नदी में साफ पानी देखकर यहीं पर विधि विधान के साथ पूजन कर भुजरियां तोड़कर विसर्जन किया।

लोगों का कहना था कि नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के प्रयासों से अब पारासरी नदी अपने पुराने स्वरूप में लौटने लगी है और यह बेहद सुखद बात है। वहीं त्योंदा, पबई, स्यारी सहित अन्य गांवों में भी भुजरियों का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। त्योंदा क्षेत्र अंतर्गत किला मंदिर के पास से भुजरिया का जुलूस शांतिपूर्वक निकाला गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल तैनात रहा। जुलूस में सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए। वहीं घटेरा, पैरवासा, शेखपुर, कस्बा बागरोद, बागरोद चौराहा, रसूलपुर में भी भुजरियों का जुलूस निकाला गया। इस दौरान त्योंदा निरीक्षक बबीता सिंह, रामबाबू साहू, प्रेमनारायण साहू, रघुवीर सिंह राय, रवींद्र सिंह, श्याम सिंह, मनमोहन शर्मा,शिवम सिंह तोमर, हरिकेस तोमर की विशेष भूमिका रही।

## नगर में हुई झमाझम बारिश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एक सप्ताह तक मौसम साफ रहने के बाद गत दिवस से इलाके में बारिश का दौर फिर से शुरू हो गया है। शनिवार को दिन भर नगर में रह रहकर रिमझिम बारिश होती रही। जबकि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई थी। इस बारिश से किसानों और फसलों को काफी राहत मिल गई थी। वहीं रविवार को भी सुबह से तो मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद नगर सहित इलाके भर में झमाझम बरसात हो गई।

यहां उल्लेखनीय है कि मानसून की अच्छी बारिश के बीच गत सप्ताह भर मौसम लगभग साफ रहा और अच्छी धूप निकलने से खेतों में बतर आ गई थी। बारिश न होने से सोयाबीन, धान आदि की फसलें प्रभावित हो रही थीं। वहीं किसान भी फसलों में दवाओं एवं कीटनाशकों का छिडकाव नहीं कर पा रहे थे। इस कारण किसान अच्छी बारिश की कामना कर रहे थे।

गत दिवस से मौसम ने करवट बदली और शनिवार को दिन भर रिमझिम बारिश होती रही। जबकि ग्राम भाटनी, स्यारी, काजी किरोंदा, साहबा, उदयपुर, भिलायां सहित अन्य गांवों में अच्छी बारिश हुई। इसके बाद रविवार को सुबह से मौसम खुला रहा और धूप निकलती रही, जबकि दोपहर बाद नगर में जहां करीब एक घंटे तक जोरदार बारिश हुई, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी झमाझम पानी बरसा। इस बारिश से किसानों को राहत मिल गई है। ग्रामीण प्रहलाद सिंह, मोनू, गोलू आदि का कहना है कि इस बारिश से सोयाबीन, धान आदि फसलों को काफी लाभ मिलेगा। किसान अब लगातार अच्छी बारिश की उम्मीद कर रहे हैं। वहीं इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने अब आगामी दिनों में भी इलाके में अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। इन वेबसाइटों के अनुसार आगामी 15 अगस्त तक मौसम मिलाजुला रहेगा, लेकिन इसके बाद इलाके में लगातार अच्छी बारिश हो सकती है।

### विदेशी सामानों पर अपनी निर्भरता पूरी तरह खत्म करें: मुस्लिम राष्ट्रीय मंच



**गंजबासौदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक गुरूदेव डा इन्द्रेश कुमार के आह्वान पर पूरे देश मे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच स्वदेशी जागरण के कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी के तहत गुरुवार को स्वदेशी राखी निर्माण कार्य शाला आयोजित कर स्वदेशी राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही घर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत देशभक्ति के वातावरण का जागरण करने,तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश व्यवस्था तीनो सैन्य बलों के जवानों और पुलिस कर्मियों को पत्र लेखन व स्वदेशी राखियों का प्रेषण प्रमुख आयोजन हुऐ। मुख्य वक्ता सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने विदेशी वस्तुओं विदेशी सामान आनलाइन व्यापार पर शत प्रतिशत निर्भरता कम करने व अधिक से अधिक स्वदेशी सामान का दैनिक जीवन मे इस्तेमाल किऐ जाने का आह्वान किया। आइऐ हम सभी आज संकल्प ले विदेशी चीनी अमेरिका मे निर्मित कोई भी राखी भाई की कलाई पर नही बाधेगे, विदेशी लाइट की झालर से घर मंदिर-मस्जिद मजार दरगाह नही सजाऐगे । समाजसेवी फेरन सिंह ने सभी से कहा हम सबको कितना भी लाभ मिलता हो विदेशी सामान न खरीदेगे न बेचेगे। हम अपने घर परिवार आसपास के मुहल्ले गांव गांव से विदेशी कंपनियो को भगाना होगा इसका एक ही तरीका है स्वदेशी कंपनीज के सामान ही खरीदे। इस अवसर पर गुड्डी बाई, भगवान दास,कैलाश पंथी,ललिता बाई,कैलाश लोधी,ऊषा सेन,सुनील पंथी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद हुए।

## ग्रीन डे व राखी कॉम्पटीशन सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस स्थानीय आचार्य विद्या वैली हायर सैकेंडरी स्कूल में हरित दिवस ग्रीन-डे मनाया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त छात्रों ने बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की। प्री प्राइमरी के नन्हें मुन्ने छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया, साथ ही कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर विद्या वेली विद्यालय के संचालक प्रणय जैन ने बताया कि प्रकृति, उर्वरता और समृद्धि का प्रतीक प्रतीक है - हरा रंग प्रकृति और पर्यावरण के प्रति हमोर प्रेम का प्रतीक है। हमें अपने जन्म दिवस पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, साथ ही उसका पालन पोषण लगातार करना चाहिए। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक है। इसके साथ ही राखी बनाओ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ चढ़कर भाग लिया। लगभग सभी छात्र और छात्राओं ने घर से सामग्री लाकर विद्यालय में ही राखियों का निर्माण किया। इस दौरान प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्र, छात्राएं मौजूद थीं।



## कुशवाह समाज ने की पूजन-अर्चन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को कुश जयंती के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा उदयपुर द्वारा कार्यालय पर एकत्रित होकर भगवान लव कुश की पूजन आरती की गई तत्पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान आगामी कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा हुई एवं पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के लिए सभी से एक-एक पौधा लगाये जाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में गिरीश कुशवाहा अध्यक्ष उदयपुर, उमाशंकर कुशवाहा महामंत्री, सौरभ कुशवाहा अध्यक्ष युवा महासभा, उमेश कुशवाहा महामंत्री, श्यामलाल, वीर सिंह, मुकेश, हरि सिंह, अरविंद, काशीराम , राजाराम, गोलू कुशवाहा, अशोक कुशवाहा भ सहित अनेक समाज बंधु कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

### नगर में निकली वैदिक मंत्रों और श्लोकों की भव्य रैली

# वेद, उपनिषद, गीता लेकर सड़कों पर निकले विद्यार्थी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासन द्वारा संस्कृत के संवर्धन और संरक्षण के लिए चलाए जा रहे संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत रविवार को नगर में वेदांत आश्रम द्वारा वैदिक मंत्रों और श्लोकों की भव्य रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ गांधी चौक स्थित श्री राम-जानकी मंदिर में श्री राम-जानकी स्तुति, भागवत गीता पाठ, संस्कृत पाठ और गणेश वंदना के साथ हुआ। भक्ति, संस्कृति और भाषा के संगम का यह अद्भुत दृश्य संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत वेदांत आश्रम के संस्कृत विद्यालय द्वारा रविवार को निकाली गई भव्य रैली में देखने मिला। रैली में सौ से अधिक पारंपरिक वेशभूषा में बटुक विद्यार्थी,धोती-कुर्ता, श्वेत, पीताम्बर पहने ब्रह्मचारी और संस्कृत प्रेमी नागरिक संस्कृतम जगतः शोभा के उद्घोष के साथ नगर के मुख्य सड़कों से होकर गुजरे तो मार्ग में नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर से रैली का स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि जगद्गुरु स्वामी डॉ. रामकमलाचार्य वेदान्ती महाराज द्वारा जीवाजीपुर में स्थापित संत जगन्नाथदास उमा संस्कृत विद्यालय में चल रहे संस्कृत सप्ताह के पांचवें दिन नगर में करीब 3 किलोमीटर लंबी जन जागरण यात्रा निकाली गई। गांधी चौक श्री राम जानकी मंदिर से शुरू हुई यह यात्रा सावरकर चौक, जय स्तंभ चौक, आंबेडकर चौक और नेहरू चौक होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंची जहां यात्रा का समापन हुआ। विद्यार्थी पूरे मार्ग में 'संस्कृत वंदे मातरम','मातृभाषा संस्कृत हमारी शान है' जैसे गगनभेदी नारे गुंजाते रहे, जिससे नगर की गलियां संस्कृतमय हो गईं। रैली के समापन पर वेदांत आश्रम महंत हरिहरदास महाराज ने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है जिसमें ज्ञान-विज्ञान, दर्शन और साहित्य का अपार भंडार है। संस्कृत में लिखे गए प्राचीन ग्रंथों से हमें इतिहास, संस्कृति और समाज के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। इस भाषा के संरक्षण का अर्थ है हमारी सभ्यता, संस्कार और अध्यात्म का संरक्षण। रैली में विद्यालय के प्राचार्य बाबू सिंह रघुवंशी, वेदाध्यापक वेदमूर्ति शिवशंकर पाण्डेय, व्याकरण अध्यापक शुभम शर्मा, कंप्यूटर एवं अंग्रेजी अध्यापक ऋषि, सामाजिक विषय की अध्यापिका शालू शर्मा, संस्कृत प्रचारक विनोद एवं सुनील, विधायक प्रतिनिधि तरबर सिंह रघुवंशी, आश्रम ट्रस्ट सचिव सौरभ सुहाने, पंडित संजय पाठक, महेंद्र सिंह ठाकुर, राम बाबू दुबे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शामिल हुए। रैली के समापन पर वेदांत आश्रम संस्कृत विद्यालय द्वारा उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया।

### भारी वाहनों का नो एंट्री में प्रवेश जारी



**गंजबासौदा।** नगर में दोपहर में भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित होने के बावजूद नगर में धडल्ले से भारी वाहन आते रहते हैं। गत दिवस भी मील रोड पर एक बडा ट्राला दोपहर में आ गया। इस ट्राले के मील रोड से नेहरू चौक रोड पर मुडने के कारण काफी असुविधा हुई और दोनों मार्गों पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। कुछ देर बाद बमुश्किल ट्रॉला मुड पाया और यातायात बहाल हुआ। नागरिकों ने यातायात पुलिस से नो एंट्री के नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है। ताकि दिन के समय नगर के मार्गों पर नागरिकों एवं वाहन चालकों को असुविधा न हो।

## नौलखी धर्मशाला में मना श्रावणी उपाकर्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सिरोंज चौराहा स्थित नौलखी धर्मशाला में विगत 40 वर्षों से पंडित करोड़ी लाल त्यागी द्वारा निरंतर श्रावणी पर मनाया जाता है। इस वर्ष भी नगर के विद्वान शास्त्री पंडित केशव प्रसाद दुबे, पंडित परमानंद शास्त्री के आचार्य तत्व में ब्राह्मणों ने मां वैतवा रिपटा घाट पर दश विधि प्रायश्चित स्नान करके दूबा ,अपामार्ग, कुशा आदि से वैदिक मंत्रो से मार्जन किया। धर्मशाला में नारायण अभिषेक व सप्त ऋषि पूजन व शांति यज्ञ किया जाकर वेद पाठ स्मृति ग्रंथ ब्राह्मण आरणटक तक के पाठ किए गए। श्रावणी पर्व के संयोजक दीपक तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर कमलेश दुबे, रमेश दुबे ने भी श्रावणी महत्व पर प्रकाश डाला। बताया कि ब्राह्मणों का मुख्य कर्म वेद पठन-पाठन है, इसमें शीघ्रता अथवा व्यवस्था के कारण स्वरभंग होना, विधिपूर्वक उच्चारण ना होना इन समस्त दोषों का शमन श्रावणी कर्म से होता है। इसी प्रकार जन सामान्य द्वारा खाने-पीने, व्यापार, व्यवसाय में अनेक प्रकार के शास्त्र विपरीत काम होते रहते हैं। इन सब का प्रायश्चित भी जन सामान्य द्वारा किया जाना चाहिए। इस दिन रक्षाबंधन किया जाता है सबसे प्रथम रक्षा सूत्र बांधने की परंपरा देवगुरु बृहस्पति ने अपने शिष्य इंद्र को बांधकर प्रारंभ की, वहीं राजा बलि ने भी भगवान को सर्व समर्पण सूत्र में बांधा, बहन के रूप में लक्ष्मी ने भी राजा बलि को रक्षा सूत्र बांधकर भगवान को मुक्त किया।यह समर्पण का त्यौहार है बहन भाई को रक्षा सूत्र बांधकर भाई के सुख एवं रक्षा रूप भावना से त्योहार मनाते हैं। इस मौके पर वरुण चौबे, मनीष पाठक, शिवम दुबे, सुनील पिंगले, हेमराज दुबे, कुलदीप शर्मा, अन्नू मिश्रा, भास्कर दुबे, भवानी शंकर, मनोहर लाल दुबे, प्रवीण एलिया उपस्थित थे।

## हंगामेदार हुई परिषद की बैठक में विकास के मुद्दों पर दी सहमति

# पार्षद:उठाओ गंगाजल कहो रिश्वत नहीं लेते
# सीएमओ:शराब पीकर आया है पुलिस बुलाओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नगर पालिका परिषद की सोमवार को आयोजित बैठक में उस समय हंगामा मच गया,जब वार्ड क्रमांक 05 के पार्षद भूपेन्द्र गर्ग (धरमू) ने सीएमओ के सामने गंगाजल और गीता रामायण रखते हुए कहा कि उठाओ गंगाजल, गीता और रामायण पर हाथ रखकर खाओ कसम कि तुम रिश्वत नहीं लेते हो। इस पर तैश में सीएमओ आरआर यादव बोले कि पुलिस को बुलाओ ये बैठक में शराब पीकर आया है इसको बंद कराओ और इसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराओ।

नपा सभागार में आयोजित नगर पालिका परिषद की बैठक में नपा अध्यक्ष रेनू राठौर के निर्देश पर जैसे ही अकाउंटेंट शिवराज सिंह चौहान एजेंडे में शामिल बिंदुओं को पढ़ने के लिए खड़े हुए वैसे ही पार्षद भूपेंद्र गर्ग जोर-जोर से चिल्लाते हुए कहने लगे कि तुम लोग खूब गलत काम कर रहे हो। हम बोलते हैं तो बोलते हो कि पैसा नहीं है और 40-40 लाख, 50-50 लाख के चेक काट रहे हो और उसमें से कमीशन ले रहे हो, अपनी बात कहते हुए पार्षद ने सीएमओ की टेबिल तक पहुंच गए और अपनी जेब से रामायण, गीता और गंगाजल निकालकर सीएमओ के सामने रखते हुए कहा कि हाथ लगाकर कसम खाकर बताओ कि तुम हमारे नाम से रिश्वत नहीं लेते हो, इस दौरान उन्होंने अकाउंटेंट शिवराज सिंह चौहान का हाथ पकड़ कर कहा कि बताओ तुम कमीशन नहीं लेते हो या नहीं। ऐसी ही हॉट टॉक के बीच सीएमओ यादव ने अपने हाथ में रामायण लेकर कहा कि में कसम खाता हूं कि मैंने तुम्हारे नाम से रिश्वत नहीं ली फिर सीएमओ ने कहा कि यह शराब पीकर परिषद की बैठक में आया है पुलिस बुलाओ इसे बंद कराओ। इस दौरान दोनों के बीच खूब हॉट टॉक होती रही, विवाद अधिक बढ़ता देख नपाध्यक्ष रेनू राठौर ने अकाउंटेंट को एजेंडा पढ़ने के निर्देश दिए लेखापाल एजेंडा पढ़ते रहे ओर पार्षद सीएमओ के बीच हॉट टॉक चलती रही। एजेंडा पढ़ने के बाद सभी पार्षदों ने एजेंडे पर सहमति तो दे दी लेकिन पार्षदों ने इस दौरान व्यवस्थाओं पर नाराजगी भी खूब जताई।



### इन कार्यों पर बनी सहमति

- —नपा ऑडिटोरियम की दर स्वीकृति पर निर्णय।
- —नवीन नपा भवन के पास पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापना।
- —मैन बाजार में जलभराव की समस्या का निराकरण।
- —नपा क्वार्टर (01-10) हटाकर रास्ता चौड़ीकरण व दुकान निर्माण।
- —नए नपा भवन के पास फायर स्टेशन व कर्मचारियों के क्वार्टर निर्माण।
- —नए भवन के बाहर पार्किंग व पार्क का निर्माण।
- —पुराने भवन में मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण।
- —एकीकृत बस स्टैंड पर शुलभ शौचालय के पास 03 दुकानों की नीलामी।
- —बस स्टैंड टंकी के पास 08 दुकानों की नीलामी।
- —बस स्टैंड हॉकर्स जोन के पास 05 दुकानों की नीलामी।
- —वार्ड 01-23 में संपत्ति कर, जलकर व अन्य कर की वसूली।
- —सिंचाई विभाग के सरकारी आवासों में जलकर बकाया निपटान।
- —शिवपुरी रोड, बड़ौदा रोड, पाली रोड पर अवैध वाहन पार्किंग पर जुर्माना।
- —नगर सीमा विस्तार में वर्धा रेलवे स्टेशन व मेडिकल कॉलेज को शामिल करना।

### पार्षद बोले आप असमर्थ हो तो बताओ हम भी इस्तीफा सौंप दें

बैठक में वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद राजेंद्र मित्तल ने बैठक के एजेंडें से इतर नपाध्यक्ष का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि एनएच के द्वारा बाजार में जो नाले बनाए जा रहे हैं उनका निकास किधर है पता नहीं चल रहा है। नल कनेक्शनों को जेसीबी से तोड़ा जा रहा है लोग बेहद परेशान है ठेकेदार और एजेंसी किसी की सुन नहीं रही है। अगर वह आपकी भी नहीं सुन रहे हैं तो फिर हमारा यहां बैठने का भी कोई औचित्य नहीं है हम सभी पार्षद इस्तीफा दे देते हैं, राजेन्द्र मित्तल की बात पर सभी पार्षदों ने हाथ उठाकर इस्तीफा देने के लिए सहमति दी। इस दौरान पार्षद मित्तल ने सीएमओ को आड़े हाथों लेते हुए कहां कि 3 साल पहले होर्डिंग लगाने का ठेका स्थानीय कंपनी को 1 लाख 8 हजार रुपए में 35 माह के लिए दिया गया था जबकि अब ग्वालियर की कंपनी को वो ही ठेका 1 लाख 20 हजार में ही दे दिया गया है। हालांकि सीएमओ ने अपनी ओर से खूब सफाई दी लेकिन पार्षदों ने सारी सफाई अनसुनी कर दी पार्षद के दबाव के चलते नपाध्यक्ष ने ग्वालियर की कंपनी से किए गए एग्रीमेंट को निरस्त करने के निर्देश दिए।

### शराब मुर्गा रिश्वत में मांगने वाले आरआई को हटाया

हाल ही में जिस आरआई की शिकायत एक आदिवासी महिला ने कलेक्टर अर्पित वर्मा से करते हुए उसे पर आवास दिलाने के बदले शराब और मुर्गा रिश्वत में मांगने की शिकायत की थी उस आरआई को परिषद की बैठक में तत्काल पद से हटाने के निर्देश नपा अध्यक्ष ने जारी किए हैं। दरअसल आरआई की शिकायत पार्षद खालिद फारूकी ने करते हुए कहा कि वह पार्षदों से भी ठीक से बात नहीं करता है हमेशा गलत टोन में रहता है इस बात का समर्थन सभी पार्षदों ने करते हुए उसे तत्काल हटाने की मांग की जिस पर नपाध्यक्ष ने उसे तत्काल हटाने के निर्देश भी जारी कर दिए।

## प्रसिद्ध संत हरिशरण महाराज पहुंचे जेल में बंदियों को दिए प्रवचन

# क्रोध व्यक्ति को विनाश की ओर ले जाता है,इसलिए क्रोध पर काबू रखो:हरिशरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




जीवन में क्रोध व्यक्ति की मानसिक चेतना का ह्रास कर उसे विनाश की और ले जाता है, क्षणिक क्रोध के कारण हुई हिंसा परिवार का नाश कर देती है। इसलिए क्रोध पर काबू रखना सीखो। 84 लाख योनि के बाद यह मानव तन मिला है अतः प्रभु का भजन कर लो। प्रभुश्री राम ने अपने जीवन में कितने कष्ट सहन किए लेकिन उन्होंने धर्म का रास्ता कभी नहीं छोड़ा।

यह प्रवचन प्रसिद्ध संत हरिशरण महाराज ने सोमवार को श्योपुर जिला जेल में पहुंचकर वहां बंद वंदियों को दिए। इस मौके पर उनके साथ जिला जेल में पहुंचे श्यामा श्याम कृपा मंडल से जुडे सत्संग प्रेमियों ने संगीत की धुन पर कई भजन सुनाए। जिसे सुनकर वंदी भावविभोर हो गए। संत हरिचरण महाराज ने प्रवचन के दौरान कहा कि चैतन्य शक्ति जब जागृत होती तो व्यक्ति सत्कर्मों के पथ पर चलकर फिर से सामाजिक प्रतिष्ठा को प्राप्त कर सकता है। इस अवसर जिला जेल अधीक्षक प्रभात कुमार सहित स्टॉफ एवं बंदीगण मौजूद रहे।

## स्थानीय लोग बोले कई बार बताई समस्या, मगर नहीं हुआ समाधान

# आए दिन टूट रही सलापुरा की जर्जर बिजली केबल, सता रहा हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

शहर से सटे सलापुरा की बिजली समस्या सुधरने के बजाए गंभीर होती जा रही है। यहां के लोग जर्जर बिजली केबिल के आए दिन टूटने से परेशान हो रहे है। स्थानीय लोगों को डर सता रहा है कि आए दिन टूटकर नीचे गिरने वाली यह बिजली केबिल कभी कोई हादसा घटित न कर दें। हालांकि स्थानीय लोग इस समस्या के बारे में कई बार बिजली कंपनी अफसरों को बता चुके है,लेकिन बिजली कंपनी के अधिकारी इस समस्या का स्थाई समाधान करने के बजाए इस केबिल को जुगाड से जोडकर फिर से टंगवा देते है।

सलापुरा निवासी खेमराज शास्त्री, हरिओम शास्त्री, राधारमण शर्मा सहित अन्य कई नागरिकों ने बताया कि सलापुरा के कई मोहल्लो में जब से बिजली केबिल लगी है,तब से ही वह बदली नहीं गई है। जिसकारण जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी बिजली केबिल आए दिन टूटकर नीचे जमीन पर गिर रही है। जिससे हादसे घटित होने का खतरा बना हुआ है। वहीं स्थानीय लोगों को कई बार इस



समस्या के कारण अंधेरे में रात गुजारने को मजबूर होना पडता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सोमवार की सुबह जर्जर बिजली केवल एक बार फिर टूटकर नीचे गिर गई, जो टूटकर खंभे के बगल में स्थित पीपलेश्वर महादेव के चबूतरे पर गिर गई,जिससे मंदिर के चबूतरे में करंट फैल गया। आनन फानन में सूचना देकर बिजली सप्लाई को बंद कराया गया। स्थानीय लोंगों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से इस जर्जर बिजली केबिल को जल्द बदलने की मांग की है।

# खिरकाइयों पर दहशत फैलाने वाले बदमाशों पर शिकंजा कसने पर एसपी का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

खिरकाई पर पहुंचकर दहशत फैलाने और पशुपालकों के साथ लूटपाट करने के मकसद से मारपीट करने वाले बदमाशों पर पुलिस द्वारा शिकंजा कसते हुए पशु पालकों में निडरता का माहौल निर्मित करने की जो कार्रवाई की गई है,उससे खुश होकर क्षेत्रीय पशुपालकों सहित युवा क्षत्रिय महासभा के लोगों ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी वीरेन्द्र जैन सहित ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर, वीरपुर थाना प्रभारी भारत सिंह गुर्जर तथा अन्य पुलिसकर्मियों का पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया।



सम्मान करने के लिए एसपी कार्यालय आए बलावनी, भूतकछा, दांतेटी, भूरेडी, किन्नपुरा, अर्रोदरी के ग्रामीणों ने एसपी वीरेन्द्र जैन और उनकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह ढोढर थाना क्षेत्र स्थित खिरकाई पर हुई घटना के मामले में पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए बदमाशों को दबोचा गया है,,उससे खिरकाईयों पर रहने वाले पशुपालकों में निडरता का भाव तो बढा ही है,साथही पुलिस के प्रति एक नया विश्वास भी जागृत हुआ है।

# एसपी ने 4 आरोपियों पर घोषित किया 10-10 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एसपी वीरेन्द्र जैन ने मप्र पुलिस रेगुलेशन के पैरा क्रमांक 80-बी(1) में प्रदत्त शक्तियो का उपयोग करते हुए 4 फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार रूपये का ईनाम घोषित कर दिया है।

एसपी द्वारा जारी आदेश के अनुसार फरार आरोपी राजेन्द्र उर्फ मोनू पुत्र स्व. फूल सिंह चौहान निवासी बिजली घर के सामने शिवपुरी रोड श्योपुर पर थाना कोतवाली श्योपुर में धारा 309, 333 बीएनएस, 11/13 एमपीडीपीके एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 181/25 पंजीबद्ध है। वहीं फरार आरोपी शैलू प्रजापति एवं योगेन्द्र परमार निवासी पिपरोनिया थाना पहाडगढ जिला मुरैना पर थाना ढोढर में धारा 119(1), 115(2), 296, 351(3), 3(5) इजाफा 308(5) बीएनएस, इजाफा धारा 25/27 के तहत अपराध क्रमांक 47/25 पंजीबद्ध है। फरार आरोपी सूरजा उर्फ सूरजन सिंह सिख पुत्र जरनेल सिंह निवासी बिठलपुर पर थाना कोतवाली अंतर्गत धारा 304 बीएनएस के तहत अपराध क्रमांक 158/25 पंजीबद्ध है तथा फरार आरोपी रामगणेश पुत्र चूरामणि सेन निवासी गांधीनगर श्योपुर पर महिला थाना क्षेत्र में धारा 331(6), 64(2), (एम), 351, (3) बीएनएस 3(2), व्हीए इजाफा धारा 3(2), व्ही, 3(1), डब्ल्यू एससी, एसटी एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 17/25 पंजीबद्ध है। इन चारो फरार आरोपियों पर 10-10 हजार का ईनाम घोषित किया गया है।

# न तो स्कूलों के पहुंच मार्ग सही है न ऑफिसों तक पहुंचने के लिए सड़क

## तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक में जताई अव्यवस्थाओं पर चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जहां स्कूलों तक पहुंचने के लिए रास्ते नहीं हैं वहीं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक पहुंचने के सड़क तो क्या रास्ता ही नहीं है इससे शिक्षकों को कूद फांदकर डीईओ ऑफिस जाना पड़ रहा है। इसको लेकर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की श्योपुर जिला इकाई की रविवार को आयोजित बैठक में चिंता जताई गई।

इस बैठक में जिले की समस्याओ को लेकर आंदोलन करने पर भी विचार विमर्श किया गया। जिले मे कई तरह की समस्याएं है जैसे वर्ष 2013 में नियुक्त शिक्षकों की 12 वर्ष पूर्ण उपरांत अभी तक क्रमोन्नति न किये जाना, परवीक्षा अवधि पूर्ण कर चुके वर्ष 2021 में नव नियुक्त शिक्षकों का अभी तक संविलियन आदेश जारी न होना, दिव्यांग कर्मचारियों को नवीन वाहन भत्ते का लाभ न दिये जाना, ट्रांसफर हुए सचिवों की एल पी सी जनपद द्वारा ना भेजे जाने से वेतन नहीं मिल पाना राजस्व विभाग में गोपनीय चरित्रावली नहीं लिखे जाने के कारण क्रमोन्नति का लंबित होना,क्षतिग्रस्त शालाओ के लिए नवीन भवन स्वीकृत न किये जाने, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आश्रित की अनुकम्पा नियुक्ति नही किये जाने, अतिथि शिक्षकों की भर्ती पारदर्शिता का अभाव होना इत्यादि गंभीर मुद्दो पर चर्चा की गई। बैठक में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश जिला श्योपुर के संरक्षक अशोक महाना, जिला संगठन मंत्री भरत सिंह जाट, जिलाध्यक्ष यदुनंदन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अरुण दांतरे, जिला कोषाध्यक्ष राम अवतार, जिला प्रवक्ता अशोक गुप्ता, जिला कार्यालय मंत्री धनश्याम चौरसिया, जिला प्रचार मंत्री सतवीर गुर्जर जी, जिला सह कार्यालय मंत्री सुनील शर्मा , दिनेश मिश्रा ,पेंशनर अध्यक्ष रामकिशन गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता ,तहसील सचिव अशोक गुप्ता , महेश गर्ग, हरिमोहन बंजारा, ओमप्रकाश राठौर ,लोकेन्द्र सिंह धाकड़, जगमोहन शिवहरे इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहे।




## बड़ौदा एवं विजयपुर में निकाली बाइक रैली,कॉलेज में बनाई मानव श्रृंखला

# गांव-गांव निकाली तिरंगा रैली, आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूलों में सजाई गई रंगोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को जिलेभर में गांव-गांव तिरंगा रैली निकाली गई। वहीं बडौदा और विजयपुर में तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। जिसमें अधिकारी कर्मचारियों के साथ साथ स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। उधर विभिन्न स्कूलों, स्वसहायता समूहों, पंचायतों तथा नगर परिषद द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को कराहल, बडौदा, गोरस, कंवरसली, पच्चीपुरा, सारसिल्ली, सेसईपुरा, रतोदन, सहसराम, विजयपुर, लहचौडा, मोरावन, तलावडा, फिलोजपुरा, जैनी, सोईकलां सहित कई ग्रामों, कस्बो में उत्साहपूर्वक तिरंगा रैलियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में मानव श्रृंखला बनाई गई एवं मेंहदी के माध्यम से देशभक्तिपूर्ण स्लोगन हाथो में रचाकर तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया। लोगों को प्रेरित किया गया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी लोग अपने-अपने घरों पर गरिमामयी तरीके से झंडा फहरायें।

बडौदा एवं विजयपुर में नगरपरिषद द्वारा तिरंगा बाइक रैली का आयोजन भी किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी सम्मलित हुए। इसी प्रकार स्कूलों, आंगनबाडी केन्द्रों पर रंगोली सजाई गई। जबकि शासकीय पीजी कॉलेज श्योपुर में मानव श्रृंखला मनाई गई। स्वतंत्रता का उत्सव- स्वच्छता के संग अतंर्गत विभिन्न शासकीय कार्यालयों में श्रमदान आयोजित कर साफ-सफाई की गई, इसके साथ ही पंचायतों में भी सफाई अभियान चलाया गया। एसडीएम कराहल मनोज गढवाल द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय में बच्चों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।





### तिरंगा रैली 13 को कलेक्टर ने की भाग लेने की अपील

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 13 अगस्त को शहर श्योपुर में तिरंगा रैली निकाली जाएगी। जो सुबह 8 बजे से गांधी पार्क से शुरू होगी। यह रैली शहर के मैन बाजार, मैन चौराहा, टोडी गणेश बाजार, पुल दरवाजा, पटेल चौक, जयस्तभ चौक होते हुए गांधी पार्क पर समापन होगी। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने तिरंगा रैली को भव्य रूप से आयोजित करने में सभी से सहयोग एवं सहभागिता की अपील की गई है। इसी तिरंगा यात्रा को लेकर सोमवार को एक बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, जिला पंचायत उपाध्यक्षनीरज जाट, रेडक्रॉस के सचिव दिनेश दुबोलिया, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, बीएस श्रीवास्तव, नगरपालिका से आदित्य चौहान आदि उपस्थित थे। इस तिरंगा यात्रा के पूर्व 12 अगस्त को रात्रि 8 बजे से नगरपालिका श्योपुर द्वारा रात्रि 8 बजे से श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पर एक शाम तिरंगे के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा।

### 14 को भाजपा निकालेगी तिरंगा यात्रा

हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा 14 अगस्त की शाम को शहर श्योपुर में तिरंगा यात्रा निकालेगी। भाजपा के जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा 14 अगस्त को शाम 4 बजे से श्रीरामधर्मशाला से आरंभ होगी, जो शहर के मुख्य बाजार, मैन चौराहा, गणेश बाजार, पुल दरवाजा, बडौदा रोड से पटेल चौक होते हुए वापस गुलंबर पर आकर सम्पन्न होगी। भाजपा की श्योपुर जिला इकाई ने सभी भाजपाईयों सहित राष्ट्रभक्त नागरिकों से इस तिरंगा यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है।

### यश प्रताप को बनाया गया जिला प्रभारी

भाजपा युवा मोर्चा ने तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन के लिए जिला स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। इसी क्रम में श्योपुर जिले के लिए भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यश प्रताप सिंह चौहान को श्योपुर जिला प्रभारी नियुक्ति कर दिया है। श्योपुर के जिला प्रभारी नियुक्त किए यश प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा सौंपी गई इस जिम्मेदारी को वे पूरी सक्रियता और निष्ठा के साथ निभाएंगे।

# धार्मिक जयकारों के बीच रवाना हुई बाबा रामदेव की 11वीं पैदल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रामदेवरा की 11 वीं पदयात्रा सोमवार को रामबाड़ी गांव से बाबा के जय कारो के बीच रवाना हुई। यात्रा 25 अगस्त राजस्थान के रुणिचा धाम स्थित बाबा रामदेव के मंदिर पहुंचेगी जहां भक्त गणों द्वारा झंडा चढ़ाया जाएगा। सुबह 10 बजे के करीब हर ग्राम रामबाडी से रवाना हुई पदयात्रा में बड़ी संख्या में बंजारा समाज के महिला पुरुष डीजे की धार्मिक धुन पर नाचते गाते चल रहे थे। आयोजकों ने बताया कि यात्रा शाम को पाली पुल पार कर राजस्थान पहुंच गई जहां यात्रा का पहला पड़ाव रहा। यात्रा 25 अगस्त को बाबा रामदेव रूणिचा धाम राजस्थान पहुंचेगी। जहां क्षेत्र की शांति सद्भाव खुशहाली के लिए झंडा चढ़ाया जाएगा।



# दो सगे भाइयों के बीच चले लाठी डंडे,तीन घायल

श्योपुर। रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के गांव धोकरी का टपरा में रविवार को दो सगे भाई और उनके परिवार के लोगों के बीच लाठी डंडे चल गए। विवाद में दोनो तरफ से तीन महिलाएं घायल हो गई। जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने इस मामले में क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है। रघुनाथपुर थाना प्रभारी डीएस मालवीय ने बताया कि ग्राम धोकडी का टपरा निवासी निवास उर्फ रामनिवास माली और केदार माली आपस में सगे भाई है। रविवार को इनके बीच शराब पीकर गाली गलौच करने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इनता बढ गया कि दोनों भाईयों के साथ दोनो के परिवार की महिलाएं भी विवाद में कूद पडी। विवाद के दौरान लाठी डंडे चलने से जहां एक तरफ से केदार माली की पत्नी उर्मिला घायल हो गई। वहीं दूसरी तरफ रामनिवास माली की दोनो बेटियां जख्मी हो गई। इस मामले में उर्मिला बाई पत्नी केदार माली की रिपोर्ट पर रामनिवास और गुड्डी बाई तथा गुड्डी बाई पत्नी रामनिवास माली की रिपोर्ट पर केदार व उर्मिला के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### युवक का शव रेल पटरियों पर मिला

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत रेहटवास रेल्वे ट्रेक पर एक युवक का शव मिला था जिसकी पहचान रामगोपाल पुत्र कैलाश अहिरवार उम्र 36 साल निवासी मूडरा बहादरा के रूप में की गई है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत छैघरा कॉलोनी निवासी मंजू केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति रिंकू केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भरका निवासी भूरा वट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हल्कैया केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी गोविंद अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मेन्द्र अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुरादपुर निवासी सौरभी रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देशराज, राहुल, देवीसिंह, माधौसिंह राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ़ निवासी नरेश केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिशुपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की शिशुपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नरेश और सुनील केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढुडैर निवासी जानकीवाई कलावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी श्रीराम कलावत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जानकीबाई कलावत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुकरेठा निवासी गंगाराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बाली, संजीव, शिवकुमार, बलवीर अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेहराई निवासी ने सौरभ अहिरवार रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अजय अहिरवार ने उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### सड़क दुर्घटनाओं के कई प्रकरण किए पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत देरासा रोड पर ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 07 बी0728 के चालक ने अपने ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर रघुवीरसिंह बंजारा के भाई को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। दूसरी घटना बांस खेडी एवं छितरी के बीच हुई यहां आयसर कंपनी के ट्रक क्रमांक एमपी067जी 1786 के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर आशीष लोधी निवासी गढ़ला की बाईक पर टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आईं हैं। इसी प्रकार जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम गुढा टांका निवासी रामस्वरूप यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बिना नम्बर की बाईक के चालक दारासिंह यादव ने वन चैकी के पास अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसके भाई को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आईं हैं।

### चंदेरी में 46 मिमी वर्षा व अशोकनगर में 13 मिमी

**अशोकनगर।** जिले में पिछले 24 घंटों में अशोकनगर तहसील में 13 मिलीमीटर और चंदेरी में 46 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले के 4 तहसीलों में से 3 तहसीलों में वर्षा का आंकड़ा 100 प्रतिशत से ऊपर चल रहा है। एक मात्र अशोकनगर तहसील में वर्षा का आंकड़ा 100 प्रतिशत से नीचे हैं। यहां 95.41 प्रतिशत वर्षा हुई है। जिले में 882 मिलीमीटर औसत वर्षा के स्थान पर अब तक 1086 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। जिले भर का प्रतिशत 123.13 हो गया है। जबकि गतवर्ष जिले में 1150 मिलीमीटर वर्षा हुई थी।

---

## नेशनल हाइवे पर हादसा, एलपीजी गैस टैंकर पर चालक ने खोया नियंत्रण, बड़ा हादसा टला

# गैस सिलेंडर से भरा ट्रक पुलिया में गिरा, चार लोग घायल हेल्पर गंभीर, ग्रामीणों की मदद से निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



सोमवार दोपहर शिवपुरी से गुना की ओर जा रहा एलपीजी गैस सिलेंडर से भरा ट्रक लुकवासा चौकी क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर स्थित लुकवासा के पास पुलिया में गिर गया। हादसे में ट्रक में सवार चार लोग घायल हो गए, जिन्हें कोलारस स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल शिवपुरी रेफर किया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक पुलिया से गिरकर उल्टा पलट गया और उसमें भरे गैस सिलेंडर बिखर गए। पुलिया में भरे पानी के कारण ट्रक का केबिन डूब गया, जिससे ड्राइवर सोनू खान, हेल्पर सोनू धाकड़ और सवार शाहरुख व गोल्टी केबिन में फंस गए। सूचना मिलते ही लुकवासा भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिओम रघुवंशी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से सभी को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। हादसे में हेल्पर सोनू धाकड़ को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

**फतेहपुर-टोंगरा रोड हादसे पर थिंक गैस की सफाई, घटनास्थल से दूर है कंपनी की गैस पाइपलाइन, अवसंरचना सुरक्षित**

शिवपुरी। फतेहपुर-टोंगरा रोड पर एक ऑनलाइन कंप्यूटर दुकान के पास गैस जैसी गंध और आग बुझाने की सूचना पर सोशल मीडिया व कुछ रिपोर्टों में उठे सवालों के बीच थिंक गैस ने अपना पक्ष स्पष्ट किया है।

कंपनी के अनुसार उसकी इमरजेंसी रिस्पांस टीम को बिजली के खंभे के पास ड्रेनेज क्षेत्र से धुआं निकलने की जानकारी मिली थी। जांच में पुष्टि हुई कि जिस स्थान पर घटना हुई, वहां थिंक गैस की न तो कोई पाइपलाइन है और न ही अन्य गैस अवसंरचना। कंपनी की गैस पाइपलाइन उस साइट से काफी दूरी पर स्थित है। सूचना मिलते ही आपातकालीन टीम मौके पर पहुंची और सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि धुआं बिजली के खंभे के पास से निकल रहा था। इसी स्थान पर पिछले वर्ष भी बिजली के तार के अधिक गर्म होने से ऐसी ही घटना हो चुकी है, जिसकी जांच प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में हुई थी। थिंक गैस ने जनता, अधिकारियों और हितधारकों को भरोसा दिलाया है कि कंपनी का बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित है और इस घटना से उसका कोई संबंध नहीं है।

## पिता-बेटे ने किसान पर बका-बंदूक से किया हमला, उंगली काटी

### खेत में भेड़ों के घुसने से हुआ विवाद, गालियां देने से रोका तो की मारपीट



**शिवपुरी।** शिवपुरी के श्यामपुर गांव में धान के खेत से भेड़ भगाने के कारण पिता-बेटे ने किसान पर बका और बंदूक से हमला कर दिया। घटना नरवर थाना क्षेत्र में रविवार शाम करीब 5 बजे की है। पीड़ित छविराम बघेल (40) ने पुलिस को बताया कि शाम को वो अपने खेत में काम कर रहा था। तभी गांव के सुरेश बघेल की भेड़ें उसके धान के खेत में घुस गईं। उसने भेड़ें भगाकर सुरेश से कहा कि जानवर खेत में न छोड़े। इस पर सुरेश और उसका बेटा नवल सिंह गुस्सा हो गए और गालियां देने लगे। मना करने पर सुरेश ने बका से वार कर छविराम के बाएं हाथ की बीच की उंगली काट दी। इससे खून की धार बहने लगी। इसके बाद नवल सिंह ने बंदूक के बट से छाती और कंधे पर वार कर दिया। मौके पर मौजूद रामअवतार बघेल ने किसी तरह बीच-बचाव कर पीड़ित की जान बचाई। हमले के बाद आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। छविराम का कहना है कि पहले बंदूक के बट से पीटा गया और फिर बका से हमला किया गया। पुलिस ने सुरेश और नवल सिंह बघेल के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दंपती का विवाद, पत्नी ने खाया जहर,महिला की हालत गंभीर आर्थिक तंगी के कारण आए दिन होता था विवाद

**शिवपुरी।** जिले के कोटा नाका गांव में सुशीला आदिवासी की बेटी इमरत ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इमरत की शादी टीला गांव के राजकुमार आदिवासी से हुई थी और उनके तीन बच्चे हैं। आर्थिक तंगी के कारण इमरत अपने तीन बच्चों के साथ मायके में रह रही थी और उसका पति भी वहीं रहने लगा था।



रविवार को पति-पत्नी के बीच झगड़े के बाद इमरत ने यह कदम उठाया। फिलहाल उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुशीला के अनुसार, दोनों पास में अलग रहते थे। बच्चों के खाने-पीने का खर्च वह खुद उठाती थीं। आर्थिक तंगी के कारण पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। रविवार को भी दोनों में झगड़ा हुआ। इसके बाद इमरत ने जहरीली पदार्थ खा लिया।

## जन्मदिन समारोह में बदमाश ने की मारपीट, आरोपी ने की तोड़फोड़ परिवार पर गर्म तेल फेंकने की कोशिश, मामला किया गया दर्ज




शिवपुरी। शहर के फिजिकल थाना क्षेत्र के करोदी कॉलोनी में रविवार रात एक आदिवासी परिवार के जन्मदिन समारोह में एक बदमाश ने जमकर बवाल कर दिया। आरोपी अज्जू पंडित ने डीजे पर नाच रही महिला पर पैसे लुटाने का प्रयास किया, विरोध होने पर डीजे की तोडफ़ोड़ कर दी। परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित परिवार ने सोमवार को फिजिकल थाने पहुंचकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की।

विष्णु आदिवासी ने बताया कि 10 अगस्त की शाम करीब 5:30 बजे उसके बेटे का जन्मदिन मनाया जा रहा था। तभी आरोपी अज्जू पंडित वहां आ गया। पहले उसने समारोह में नाचना शुरू किया और बाद में डीजे पर परिवार की महिला सुंदरी पर पैसे लुटाने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने डीजे और गाने की मशीन में तोडफ़ोड़ कर दी। सविता आदिवासी ने बताया कि जब उनके चाचा ने रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आए जेठ नाथू आदिवासी को भी पीटा और जेठ और नंद पर कढ़ाई का गर्म तेल फेंक कर जलाने की कोशिश की, लेकिन पास रखा कम्बल डालकर उसने अपनी जान बचा ली। घटना में विष्णु आदिवासी और नाथू आदिवासी दोनों घायल हो गए। बताया जा रहा है कि अज्जू पंडित का आपराधिक का व्यक्ति है। अप्रैल 2023 में ग्वालियर में उसके खिलाफ 24 प्रकरण दर्ज थे। अप्रैल 2023 में पुलिस ने करौंदी में बने उसके मकान को भी गिरा दिया था। फिजिकल थाना प्रभारी नवीन यादव ने फरियादी की रिपोर्ट पर एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी के गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए है।

## सीएम हेल्पलाइन में आदि कर्मयोगी अभियान में अफसर चलेंगे गांव-गांव

**शिवपुरी।** जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में सोमवार को हुई समीक्षा बैठक में सीईओ हिमांशु जैन ने अफसरों को सख्त हिदायत दी कि सीएम हेल्पलाइन के मामलों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी, समाधान समय पर और संतोषजनक चाहिए। उन्होंने कहा, जिन शिकायतों का मौके पर निपटारा संभव है, उन्हें तुरंत हल किया जाए और अधीनस्थ कर्मचारियों पर भी पैनी नजर रखी जाए।

बैठक में आदि कर्मयोगी अभियान की खास झलक भी सामने आई। इस अभियान के तहत अफसर, शिक्षक, पटवारी और कर्मचारी एक टीम बनाकर एक ही वाहन से गांव पहुंचेंगे, चौपाल जमाएंगे, समस्याएं सुनेंगे और वहीं समाधान देंगे। दिनभर की कार्यवाही रिपोर्ट बनेगी और टीम को पहले खास ट्रेनिंग दी जाएगी। अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ल ने जनसुनवाई की नई व्यवस्था बताई कि अब हर आवेदन की गूगल शीट बनेगी और विभागीय अधिकारी उसमें प्रगति दर्ज करेंगे। दो जनसुनवाई तक हल न होने पर शिकायत सीधे सीएम हेल्पलाइन में दर्ज होगी। साथ ही 15 अगस्त के कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए।



### अग्निवीर रैली में युवाओं का जोश, 753 में से 353 ने दौड़ में दिखाई रफ्तार

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर और मुरैना जिलों के युवाओं ने आज अग्निवीर सेना भर्ती रैली के आठवें दिन मैदान में ऐसा दमखम दिखाया कि दर्शकों का जोश भी जवानों के साथ दौडऩे लगा। 753 अभ्यर्थियों ने हाजिरी लगाई, जिनमें से 353 ने दौड़ की कठिन परीक्षा में बाज़ी मार ली। अब तक इस रैली में प्रदेश के 5580 युवा शामिल हो चुके हैं कि यह साफ सबूत है कि वर्दी का सपना और मातृभूमि की सेवा का जज्बा युवाओं के दिल में अंगार बनकर जल रहा है। भर्ती प्रक्रिया जिला प्रशासन शिवपुरी और सेना भर्ती कार्यालय ग्वालियर के संयुक्त प्रयास से पूरी तरह सुव्यवस्थित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चल रही है। सेना ने साफ चेतावनी दी कि चयन पूरी तरह मेरिट पर, किसी दलाल या जालसाज के चक्कर में न पड़ें।

### भोपाल-जोधपुर ट्रेन के मंथर गति से चलकर लेट आने से यात्री परेशान

**अशोकनगर ।** भोपाल जोधपुर ट्रेन कईं घंटे लेट आने से यात्री परेशान हैं। अशोकनगर गुना होकर चलने वाली भोपाल जोधपुर फास्ट पैसेंजर ट्रेन यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। इस ट्रेन को बिना से भोपाल के बीच में लेट किया जा रहा है। पहले इस रूट पर फास्ट ट्रेनों को निकाला जाता है उसके बाद इस ट्रेन की सुध ली जाती है। चाहे भोपाल जाने का मामला और य फिर भोपाल से आने का मामला हो। इस ट्रेन के हाल-बेहाल हैं। इस ट्रेन को अशोकनगर स्टेशन से सुबह 4:00 बजे प्रस्थान किया जाता है भोपाल जाने के लिए ट्रेन यह इसलिए उपयोगी है कि ट्रेन से जाने पर सुबह 10:00 बजे यात्री भोपाल पहुंच जाते हैं और वह अपना काम पूरा कर वापस इसी ट्रेन से लौट आते हैं। एक दिन में उनका पूरा काम हो जाता है और उनका समय भी बच जाता है । भले ही उन्हें रात खराब करके इस ट्रेन से जाना पड़ता है । यह ट्रेन गंजबासोदा से भोपाल के बीच बैलगाड़ी की तरह चलती है। पिछले दिनों पार्षद रीतेश जैन को गंजबासोदा के बड़े स्टेशन पर ट्रेन के खड़े होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## मार्केटिंग संस्था मर्यादित कोलारस पर रिझारी का कब्जा रहा बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



विपणन सहकारी संस्था मर्यादित कोलारस के चुनाव में एक बार फिर भाजपा नेता रामस्वरूप रावत रिझारी समर्थकों ने अपना परचम लहराया। 25 वर्ष से संस्था पर काबिज रिझारी गुट ने इस बार भी सभी पदों पर निर्विरोध जीत हासिल कर अपनी पकड़ बरकरार रखी। निर्वाचन के बाद शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव उपस्थित रहे। चुनाव में अध्यक्ष पद पर रामस्वरूप रावत रिझारी के छोटे भाई की पत्नी श्रीमती शारदा रावत पत्नी सुरेश कुमार रावत, रिझारी निर्वाचित हुईं, जबकि उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती प्रतीक्षा दांगी पत्नी जगत सिंह, पचावली को निर्विरोध चुना गया। उल्लेखनीय है कि पिछली दो कार्यकालों तक अध्यक्ष रही। इस बार बायोलॉज नियम के तहत लगातार तीसरी बार अध्यक्ष नहीं बन सकती थीं, जिसके चलते अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पदों में अदला-बदली की गई है। चुने गए संचालक एवं प्रतिनिधि में रामस्वरूप रिझारी प्रतिनिधि मार्फेड भोपाल एवं प्रतिनिधि केंद्रीय सहकारी मर्यादित बैंक शिवपुरी, राजेश दांगी संचालक, श्रीमती जयंती दांगी संचालक, श्रीमती रुक्मणी दांगी संचालक, भूपत सिंह गुर्जर संचालक, गोदा आदिवासी प्रतिनिधि मंडी समिति कोलारस सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ।

### कांग्रेस शासन में भी रहा कब्जा

गौरतलब है कि वर्ष 2019 में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार के समय हुए चुनाव में भी रिझारी गुट ने जीत दर्ज की थी। उस समय भी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर यही गुट काबिज था। इस जीत के साथ रिझारी समर्थकों ने स्पष्ट कर दिया है कि विपणन सहकारी संस्था मर्यादित कोलारस में उनका दबदबा आने वाले वर्षों में भी चुनौती देना आसान नहीं होगा।

## अशोकनगर शहर में भुजरियों का पर्व परंपरागत उल्लास और सद्भावना के साथ मनाया गया

# भुजरियों के संग शुभकामनाएं दी, गिले-शिकवे दूर कर गले-मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर









अशोकनगर शहर में भुजरियों का पर परंपरागत उल्लास और सद्भावना के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी, बड़ों के लोगों ने चरण छुए, छोटों को आशीर्वाद मिला। अनेक लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर शुभकामनाएं दी और गिले शिकवे दूर किए। अशोकनगर में रक्षाबंधन के त्यौहार के अगले दिन यह भुजरियों का पर्व मनाया जाता है यह पर सांप्रदायिक सद्भाव आपसी प्रेम और विश्वास का संदेश लेकर आता है। इस त्यौहार को सभी वर्ग के लोग मिलजुल कर मनाते हैं। जैसे-जैसे समय बदलता जा रहा है वैसे-वैसे त्योहारों की रौनक कम होती जा रही है। इस त्यौहार पर भी ऐसा ही देखा गया। त्योहार मनाने के लिए लोग घरों से निकले शुभकामनाएं दी और परस्पर मिलजुल कर गिले सिकवे दूर करने का वादा किया।

शाम 4:00 बजे के बाद से ही भुजरिया का त्यौहार मनाना शुरू हो गया था यह त्यौहार शाम 4:00 बजे से शुरू हुआ जो रात 10:00 बजे तक चलता रहा। इस त्यौहार पर अनेक लोग नए वस्त्र धारण कर त्योहार मनाने के लिए निकले। इस त्यौहार की विशेषता है कि इसकी यह त्यौहार आज के परिवेश में प्रेम-स्नेह का बीज अंकुरित करने वाला त्यौहार है। इस त्यौहार पर कई जगह भुजरिया मिलन समारोह के आयोजन भी किए गए। भुजरियों का यह त्यौहार शाम 4:00 बजे शुरू हुआ महिलाएं अपने सिर पर भुजरियों के लिए पत्र रखकर गीत गाते हुए जल स्त्रोतों पर जाते हुए देखी गई।

**महिलाएं भुजरियों के गीत गाते हुए तुलसी सरोवर पहुंची:** आज भी यहां भी संस्कृत में भुजरियों के गीत सुनाई पड़ते हैं इस त्यौहार पर महिलाओं ने तुलसी सरोवर पर पहुंचकर तालाब के पानी में भुजरियों को विसर्जित किया। बाद में भगवान के दरबार में इन भुजरियों को चढ़ाने के बाद इन्हें आम जनों के लिए आदान-प्रदान की गई। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को भुजरिया प्रदान की और यह पर्व मनाया। इस पर्व में भुजरिया बदलने का त्यौहार है एक पक्ष दूसरे पक्ष को भुजरिया प्रदान करता है। इस भुजरियों के त्योहार पर अनेक समाज में जहां बीते समय किसी के यहां शोक का वातावरण निर्मित हो जाता है उन परिवारों के यहां जाकर भुजरिया दी गई। और उनके शोक को कम करने का प्रयास किया गया। पहले शहर में लोग भुजरिया लेकर चैराहा चैराहा पर निकलते थे लेकिन अब सामूहिक रूप से घर-घर जाकर भुजरिया देने का प्रचलन चल पड़ा है। यह त्यौहार यहां की विशेषताओं में से एक है यह सांप्रदायिक सद्भाव की मिशाल पेश करता है । दिलों में गुंजाइश करने वाला एक त्यौहार।



**युवा पीढ़ी में भी उत्साह देखा गया:** इस त्यौहार पर सभी वर्ग के लोगों में उत्साह रहता है खास तौर से आज की युवा पीढ़ी में इस त्यौहार को लेकर विशेष उत्साह देखा जाता है।